# झांसी में 600 मेगावाट सोलर पार्क के लिए सहयोग करेगा आईएफसी

लखनऊ। झांसी में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित होने वाले 600 मेगावाट के सौर ऊर्जा पार्कों के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) सहयोग करेगा। इसके लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड व उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीनेडा) की संयुक्त उपक्रम कंपनी टस्को लिमिटेड ने आईएफसी के साथ एक एडवाइजरी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते के अनुसार आईएफसी विश्व बैंक ग्रुप के एक सदस्य के तौर पर झांसी में 600 मेगावाट सौर ऊर्जा पार्कों के विकास में सहयोग करेगा। इस समझौते पर टीएचडीसीआईएल की ओर से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा टस्को के अध्यक्ष राजीव विश्नोई तथा आईएफसी इंडिया की ओर से कंट्री मैनेजर वेंडी जो वर्नर ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर निदेशक (वित्त) जे. बेहेरा, यूपीनेडा के निदेशक भवानी सिंह खंगारौत, टस्को के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह मौजूद रहे। यह सोलर पार्क भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क (यूएमआरईपीपी) योजना के तहत स्थापित किए जाएंगे। इन सौर पार्कों के विकास से भारत सरकार के स्वच्छ ऊर्जा अभियान में 2030 तक 450 गीगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल हो सकेगा।




## टस्को और आईएफसी के बीच एडवाइजरी समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**IT DEVELOPMENT AGENCY(ITDA)**
Information & Science Technology Department Government of Uttarakhand IT Bhawan, Plot No. IT-07, IT Park, Sahastradhara Road, Dehradun 0135-2608330 diritda-uk@nic.in
e-Tender